क्षेत्रीय बहाई परिषद्, बिहार एवं झारखण्ड
वार्षिक प्रतिवेदन

वर्ष 2006–2007 (बहाई वर्ष 163–164)

प्रस्तावना

क्षेत्रीय बहाई परिषद् बिहार एवं झारखण्ड ने द्वितीय पाँच वर्षीय योजना के प्रथम वर्ष में जहाँ दो आवश्यक गतिमानों: संस्थान पाठ्यक्रमों की कड़ी से होकर लोगों का लगातार प्रवाह एवं क्लस्टर के विकास के एक स्तर से दूसरे स्तर में उन्नत करने पर ध्यान केन्द्रित रखा। वहीं योजना के द्वितीय वर्ष में प्राथमिकता प्राप्त क्लस्टर में सघन विकास कार्यक्रम प्रारंभ कर अनुयायियों को विजय तक साथ देने का संकल्प दुहराया। परिणामस्वरूप जहाँ प्रथम पाँच वर्षीय योजना में राज्यान्तर्गत दो क्लस्टरों बिहारशरीफ एवं खगड़िया में सघन विकास कार्यक्रम प्रारंभ कर इसे सतत् बनाये रखा, वहीं इस वर्ष दो क्लस्टर पटना एवं अलौली क्लस्टर में सघन विकास कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इन दोनों क्लस्टरों में सघन विकास चक्र के दोनों चरणः शिक्षण एवं सुगठन का कार्य सुव्यवस्थित रूप से चलाया जा रहा है।

क्षेत्रीय बहाई परिषद् ने सहायक मंडल सदस्यों, संस्थान मंडल एवं राज्य के अन्य एजेंसियों के साथ परामर्श के बाद पाँच वर्षीय योजना वर्ष (2006-2011) के लिए राज्य के सोलह क्लस्टरों का चुनाव किया, जहाँ सुव्यस्थित रूप से विकास चक्र, शिक्षण, प्रशिक्षण एवं मूल क्रियाकलाप में वृद्धि एवं क्लस्टर का एक स्तर से दूसरे स्तर में उन्नत किया जायेगा।

पाँच वर्षीय योजना के लिए चयनित (बिहार एवं झारखण्ड राज्य) के क्लस्टर :–

01. बिहारशरीफ	02. खगड़िया	03. शाहपुर पटोरी	04. पटना
05. अलौली	06. दानापुर	07. बेगुसराय	08. भागलपुर
09. मोतीहारी	10. पताही	11. विक्रम	12. जयनगर
13. नवादा	14. राँची	15. जमशेदपुर	16. घाघरा

क्षेत्र अन्तर्गत क्लस्टर की श्रेणी एवं संख्या :–

श्रेणी	संख्या	क्लस्टर
क्लस्टर –'ए'	04	• बिहारशरीफ,खगड़िया,पटना एवं अलौली
क्लस्टर –'बी'	02	• शाहपुर पटोरी, एवं दानापुर
क्लस्टर –'सी'	41	
क्लस्टर –'डी'	77	
कुल :–	124	

क्षेत्र अन्तर्गत प्राथमिकता प्राप्त क्लस्टर में मूलक्रियाकलाप एवं उपलब्धि

क्र0 सं	क्लस्टर का नाम	प्रार्थना–सभा	बच्चों की कक्षा	अध्ययनवृत–कक्षा	किशोर–समूह की कक्षा
1.	बिहारशरीफ	180	63	22	53
2.	खगड़िया	48	18	11	10
3.	शाहपुर पटोरी	11	03	03	01
4.	पटना	14	15	04	06
5.	अलौली	32	15	06	11
6.	दानापुर	08	08	05	02
7.	नवादा	09	03	02	–
8.	भागलपुर	01	–	–	–
9.	जमशेदपुर	08	04	03	–
10.	पताही	01	–	–	–
11.	विक्रम	03	01	–	–
12.	बेगुसराय	06	–	01	–
13.	मोतिहारी	02	01	–	–
14.	जयनगर	02	01	–	–
15.	राँची	02	–	–	–
16.	घाघरा	04	–	–	–
	कुल	331	132	57	83

स्थानीय आध्यात्मिक सभा का पुनर्गठन :–

वर्ष (2007–08) में क्षेत्र अन्तर्गत 114 स्थानीय आध्यात्मिक सभा का पुनर्गठन हुआ।

सघन विकास कार्यक्रम

बिहारशरीफ एवं खगड़िया क्लस्टर में गत दो वर्ष से ही विकास का चक्र प्रारंभ हुआ जो अपार सफलता लिये हुए जारी है, जहाँ शिक्षण एवं सुगठन के चरण व्यवस्थित रूप से चलाये हैं। दोनों क्लस्टर में सघन विकास कार्यक्रम हुई उसकी उपलब्धि निम्नलिखित है :–

Expansion during Cycles of Intensive Growth, Biharsharif

Cycles			No. of Friends Involved in Teaching Activities[5]	No. of Youth and Adults Enrolled during Cycle	No. of New Believers Entered in the Institute Program[6]	Estimated No. of Seekers in Core Activities at End of Cycle[7]
No.	Start Date	End Date				
1	31 March'05	30 Nov.'05	38	111	83	400
2	08 Jan.' 06	30 Apr.' 06	34	97	78	417
3	04 June'06	30 Sept'06	39	111	85	683
4	16 Oct '06	31 Jan 07	42	72	36	876
5	05 Feb 07	31 Mar 07	52	80	45	1019
6	01Apr.07	30June 07	65	127	48	1281
7	1 July 07	30 Sep 07	77	220	75	1340
8	01 Oct 07	30 Dec 07		Continued		

Expansion during Cycles of Intensive Growth, Khagaria

Cycles			No. of Friends Involved in Teaching Activities[5]	No. of Youth and Adults Enrolled during Cycle	No. of New Believers Entered in the Institute Program[6]	Estimated No. of Seekers in Core Activities at End of Cycle[7]
No.	Start Date	End Date				
1.	7 Sep.'05	22 Mar.' 06	25	79	50	175
2.	05 June' 06	05 Sept.'06	25	22	20	200
3.	04 Nov '06	31 Mar '07	25	35	26	225
4.	1 Apr. 07	30 June 07	15	75	29	349
5.	1 July 07	30 Sep 07	25	114	53	403
6.	1 Oct 07	31 Dec 07	Continued			

प्रशिक्षण संस्थान

क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्लस्टर में संस्थान प्रक्रिया पर विशेष ध्यान केन्द्रित करते हुए मित्रों को आध्यात्मिक रूप से सशक्त करने में तन्मयता से लगा रहा।



क्लस्टर	रूही–1	रूही–2	रूही–3	रूही–4	रूही–5	रूही–6	रूही–7	कुल
बिहारशरीफ	214	120	86	60	28	43	08	559
खगड़िया	103	91	41	32	01	34	14	316
अलौली	89	58	23	24	12	27	25	258
शाहपुर पटोरी	22	05	04	06	02	01	01	41
पटना	47	10	01	01	00	02	02	63
दानापुर	52	45	40	25	06	19	19	206
नवादा	24	11	09	05	00	04	05	58
भागलपुर	00	00	00	00	00	00	00	00

जमशेदपुर	19	08	03	02	00	02	02	36
पताही	00	00	00	00	00	00	00	00
विक्रम	03	04	04	03	00	03	03	20
बेगूसराय	12	08	03	02	00	02	01	28
मोतीहारी	12	01	01	00	00	00	01	15
जयनगर	03	04	03	00	00	00	00	10
राँची	00	01	00	00	01	00	00	02
घाघरा	14	14	00	02	00	02	00	32

क्रम	क्लस्टर	पुरुष	महिला	बच्चे	किशोर	युवा	* कुल	* * वास्तविक जनसंख्या
1	बिहारशरीफ	1033	305	192	80	356	1966	2084
2	खगड़िया	666	136	69	82	165	1118	1007
3	पटना	298	59	1	2	85	445	443
4	अलौली	130	35	1	6	90	262	457
5	दानापुर	3025	1236	10	26	553	4850	4536
6	शाहपुर पटोरी	91	17	0	1	28	137	133
7	मोतीहारी	57	8	4	2	9	80	64
8	जयनगर	36	13	0	0	1	50	22
9	पताही	–	–	–	–	–	–	75
10	भागलपुर	9	0	0	0	0	9	20
11	बेगूसराय	56	5	1	0	8	70	68
12	जमशेदपुर	6	14	0	2	2	24	43
13	राँची	–	–	–	–	–	–	16
14	घाघरा	9	0	0	0	0	9	29
15	नवादा	13	4	0	0	9	26	42
16	विक्रम	50	8	0	0	3	61	75

क्षेत्रीय सांख्यिकी रिर्पोट

* क्षेत्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार

** ग्रोथ प्रोफाइल के अनुसार (सितम्बर 2007)

आर्थिक आत्मनिर्भरता

क्षेत्र को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने एवं राष्ट्रीय कोष को सुदृढ़ करने हेतु क्षेत्रीय परिषद् ने छः चयनित क्लस्टरों में क्षेत्रीय परिषद् कोषाध्यक्ष के क्लस्टर स्तर पर सहायक कोषाध्यक्ष मनोनीत किये गये जो इस प्रकार हैं :–

	क्लस्टर	सहायक कोषाध्यक्ष
1.	बिहारशरीफ	श्री सुरेश चौधरी
2.	खगड़िया	सुश्री संजू कुमारी
3.	पटना	श्री स्वपन सिंघा
4.	शाहपुर पटोरी	श्री पारस चौधरी
5.	अलौली	श्री महेश कुमार गुप्ता
6.	दानापुर	श्री मिथिलेश कुमार

क्षेत्र अन्तर्गत चयनित क्लस्टर के व्यक्तिगत, संस्थाओं एवं समुदायों के लिये व्यावहारिक लक्ष्य निर्धारित किया जो इस प्रकार हैं :–

क्रम सं0	क्लस्टर	संस्थायें रुपये में	समुदाय रुपये में	व्यक्तिगत रुपये में	कुल योग	
					मासिक	वार्षिक
1	बिहारशरीफ	10×5 = 50/–	1400×½ = 700/–	50×10 = 500/–	1250/–	15000/–
2	खगड़िया	18×2 = 36/–	600×½ = 300/–	30×10 = 300/–	636/–	7632/–
3	पटना	200×1 = 200/–	1500×½ = 750/–	20×10 = 200/–	1350/–	16200/–
4	शाहपुर पटोरी	3×5 = 15/–	200×½ = 100/–	4×10 = 40/–	155/–	1860/–
5	अलौली	6×2 = 12/	–––––––––––	5×10 = 50/–	62/–	744/–
6	दानापुर	8×1 = 8/	–––––––––––	5×10 = 50/–	33/–	396/–
	कुलयोग	रू0 321/–	रू0 1850/–	रू0 1315/–	रू03436/–	रू0 41832/–

क्षेत्रीय परिषद् पूर्ण आस्वशत है कि इस लक्ष्य को बहाई मित्रों के सहयोग से सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया जायेगा।

* 2007 में क्षेत्रीय बहाई परिषद् ने राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा को 11,000 रू0 दान स्वरुप राष्ट्रीय कोष में भेजा।

वर्ष अन्तर्गत क्षेत्र की प्रमुख गतिविधियाँ एवं सूचनाएँ :

➢ **सहायक मंडल सदस्यों की नियुक्ति :–** एशिया में महाद्वीपीय सलाहकार मंडल के कार्यालय से प्राप्त सूचनानुसार बिहार एवं झारखण्ड राज्य हेतु चार सहायक मंडल सदस्य मनोनीत किये गये हैं। जो 26 नवम्बर 2006 से आगामी पाँच साल (वर्ष 2006–2011) के लिए सहायक मंडल सदस्य के रूप में अपनी सेवा प्रदान करेंगे। जिनका नाम एवं संभाग निम्नलिखित है :–

श्री अम्बरीष कश्यप	(प्रसार संभाग)	श्री रजनीश सिंह	(रक्षा संभाग)
श्री शैलेन्द्र कुमार	(प्रसार संभाग)	श्री सुरेश पंचभाषी	(प्रसार संभाग)

➢ सहायक मंडल सदस्य श्री अम्बरीष कश्यप की उपस्थिति में खगड़िया (बिहार) में सतीश कुमार का विवाह कुमारी निधि के साथ 11 अप्रैल 2007 को बहाई विधान के अनुसार सम्पन्न हुई।

➢ स्थानीय आध्यात्मिक सभा, कोठी, मरची दानापुर क्लस्टर के द्वारा सुश्री कुमारी रीना की शादी मुंगेर निवासी श्री सुरेन्द्र प्रसाद के साथ 29 अप्रैल 2007 को बहाई विधान के अनुसार स्थानीय आध्यात्मिक सभा पटना में सम्पन्न हुई

➢ भारतीय बहाई समुदाय के अनुभवी एवं लब्ध–प्रतिष्ठ बहाई रमणीक शाह का निधन 07 दिसम्बर 2006 को इम्फाल में हो गया।

➢ दिनांक 23 सितम्बर 2007 को अंतिम एवं सर्वप्रिय धर्मभुजा डॉ अली मोहम्मद वर्गा गरिमा के साम्राज्य में प्रवेश कर गए।

➢ राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा, भारत के कोषाध्यक्ष मेजर सुभाष चन्द्र खन्ना 03 अक्टूबर 2007 को आभालोक प्रयाण कर गये।

➢ दिनांक 31 अक्टूबर 2007 को स्थानीय सरस्वती भवन राजगीर में एक राज्य स्तरीय अनुप्रेरक बैठक सम्पन्न हुआ। इस बैठक में विभिन्न क्लस्टरों से आगत अतिथियों सहित कुल 90 मित्रों ने भाग लिया। विश्व केन्द्र से आयी श्रीमति सोना अरबाब इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थी। इस कार्यक्रम महाद्वीपीय सलाहकार श्री प्रवीण कुमार मल्लिक एवं चारों सहायक मंडल सदस्य उपस्थित थे।

➢ सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि पटना एवं अलौली को 'बी' से 'ए' श्रेणी में तथा दानापुर क्लस्टर को 'सी' से 'बी' श्रेणी में प्रोन्नत किया गया।

➢ दिनांक 22–23 सितम्बर 2007 को राष्ट्रीय सांख्यिकी पदाधिकारी सुश्री अंजुम सूद का पटना आगमन हुआ। इस कार्यक्रम में सुश्री सूद ने क्लस्टर स्तर की एजेंसियों को सांख्यिकी आंकड़ो के सुव्यवस्थित एवं नियमित प्रवाह के बारे में जानकारी प्रदान की। यथाशीघ्र आंकड़ो को अद्यतन करने का परामर्श दिया तथा ग्रोथ प्रोफाइल को क्लस्टर स्तर पर भरने के लिए निर्देशित किया।

➢ 'इन्टर फेथ फोरम' के तत्त्वाधान में 19 अगस्त 2007 को पटना विमेंस कॉलेज के कार्मेल हॉल में एक विचार गोष्ठी सम्पन्न हुई। विचार गोष्ठी का विषय थाः ''क्षमाशीलता''। बहाई धर्म के प्रतिनिधि सहायक मंडल सदस्य श्री रजनीश सिंह एवं पटना के बहाई श्री प्रमोद आनंद ने भाग लिया।

➢ संस्थान ने अनुप्रेरकों से परामर्श कर सेवा गतिविधि के रूप में सघन वृक्षारोपण अभियान चलाने के लिए सिपाह चोरसुआ,हरगावाँ,तेतरावाँ,अमदाहा एवं समस्ती इन छः गाँवों में 500 किशोरों के सहयोग से अलग–अलग तिथियों में कुल 2500 वृक्ष लगाए गये।

➢ महाद्वीपीय सलाहकार श्री प्रवीण कुमार मल्लिक के मार्गदर्शन पर सहायक मंडल सदस्य श्री अम्बरीष कश्यप एवं श्री रजनीश सिंह ने मोरंग क्लस्टर के अन्तर्गत कडेरुवा में 25 जुलाई 2007 को आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लिया। समीक्षा बैठक में परामर्श के बाद दोंनों सहायक मंडल सदस्यगण ने 25–28 जुलाई को कोयलपुर,कडेरुवा, लक्ष्मिनियाँ, एकम्बा, पड़ेरिया एवं अमतौड़ी समुदाय में बहाईयों से मिलकर समुदाय में मूलक्रियाकलाप प्रारंभ करने के लिए प्रेरित किया।

➢ राजगीर में मलमास मेला के दौरान बिहारशरीफ क्लस्टर के मित्र के द्वारा 06 जून 2007 बहाई पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

➢ दिनांक 23–25 मार्च 2007 को बहाई भवन पटना में क्षेत्रीय बहाई परिषद् के तत्त्वाधान में त्रिदिवसीय परामर्शी सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इसमें बिहार एवं झारखण्ड राज्य के कुल 11 क्लस्टरों से 75 मित्रों ने भाग लिया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि महाद्वीपीय सलाहकार श्री प्रवीण कुमार मल्लिक ने अपने उद्घाटन वक्तव्य में प्रभुधर्म के महान लक्ष्य से मित्रों को सुपरिचित कराया।

➢ राष्ट्रीय बहाई उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय किताब–ए–अकदस की कक्षा 22–24 जनवरी 2007 को बहाई भवन पटना में सम्पन्न हुई।

क्षेत्रीय बहाई परिषद् बैठक

इस वर्ष क्षेत्रीय परिषद् की दस बैठकें हुई। कुछ बैठकों में सलाहकार एवं सहायक मंडल सदस्यों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

क्षेत्रीय बहाई परिषद्; राज्य अन्तर्गत सभी स्थानीय सभा के सदस्यों एवं क्लस्टर स्तर पर सेवा प्रदान कर रहे सभी मित्रों के प्रति आभार व्यक्त करती है और आशा करती है कि विश्व न्याय मंदिर के उस आह्वान ''समूहों द्वारा प्रभुधर्म को स्वीकारे जाने की प्रक्रिया में तेजी लाना'' में अपना पूर्ण सहयोग एवं समर्थन प्रदान करेंगे।

क्षेत्रीय बहाई परिषद्, बिहार एवं झारखण्ड